# हिंदी दिवस

हम सबका अभिमान है हिंदी
भारत देश की शान है हिंदी

हिंदी भारत देश की मातृभाषा है।हमारी भाषा हिंदी भारत का श्रृंगार और वेदों का सार है। मातृभाषा देश की धरोहर होती है। हिंदी की गरिमा को बनाए रखते हुए तथा हिंदी भाषा के व्यापक संदेश का प्रचार करने के लिए दिल्ली पब्लिक स्कूल, गुड़गाँव में **14** सितंबर **2017** को हिंदी दिवस बहुत ही उत्साह से मनाया गया।

विद्यालय में हिंदी दिवस सप्ताह के अंतर्गत कक्षा तीन, चार व पाँच में विभिन्न प्रतियोगिताओं व गतिविधियों का आयोजन किया गया। सुलेख, प्रश्नोत्तरी आदि प्रतियोगिताओं में छात्रों ने बहुत उत्साह से भाग लिया।हिंदी की महत्ता को प्रदर्शित करते हुए बच्चों द्वारा एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया।जिसमें हिंदी के साथ-साथ शिक्षा के महत्त्व का प्रचार करते हुए एक लघु नाटक का प्रस्तुतीकरण किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय की मुख्याध्यापिका श्रीमती लवीना हेमरजानी एवम् विभागाध्यक्षा श्रीमती निशि धंजल द्वारा विद्यार्थियों को प्रतियोगिताओं संबंधी प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।









